## संक्षिप्त

### तिरंगा रैली में दिखा राष्ट्र भक्ति का जज्बा

**अजमेर, (कासं)।** भारतीय सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम के सम्मान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिरंगा वाहन रैली निकाली गई, यह तिरंगा वाहन रैली ब्यावर रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय से रवाना होकर केसरगंज, नया बाजार, दरगाह बाजार सहित विभिन्न मार्गो से हुए विजय स्मारक पर पहुंची, जहां इस तिरंगा रैली का समापन हुआ। तिरंगा वाहन रैली का विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह के बाहर मुस्लिम समुदाय व खादिमों द्वारा गुलाब के फूलो से वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया।इसके साथ रैली का शहर के विभिन्न चौहारों पर विभिन्न संगठनों व आम नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, केबिनेट मंत्री सुरेशसिंह रावत, अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, डिप्टी मेयर नीरज जैन आदि शामिल हुए। रैली कॉलेज से केसरगंज, डिग्गी चौक, प्लाजा टॉकीज, न्यू मैजेस्टिक सिनेमा, मदारगेट, नला बाजार, दरगाह बाजार, धानमंडी, लक्ष्मी चौक, नया बाजार चौपड़, आगरागेट, उतार नसियां, महावीर सर्किल से विजय स्मारक पहुंचेगी। रैली में कई संगठनों ने शिरकत की।

### मेड़त विधायक कलरू ने ली बैठक

**मेड़ता सिटी ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 22 मई को बीकानेर दौरा होगा उसको लेकर मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरू व मेड़ता मंडल अध्यक्ष मोहित माली सहित भाजपा कार्यकर्ता जनसंपर्क में जुड़ गए ओर कार्यकताओं की बैठक ली ।वही मेड़ता विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने समस्त मण्डल अध्यक्षों व महामंत्रियों की ली बैठक और भीड़ जुटाने को लेकर पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी। 22 मई को सुबह 6:30 बजे बड़ी संख्या में मेड़ता से बीकानेर के लिए रवाना होंगे कार्यकर्ता। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सैन्य जवानों की हौसला अफजाई करेंगे ।

### लक्ष्य झांझरी ने स्वर्ण पदक जीता

**मदनगंज-किशनगढ़ ,(निस)।** जैन समाज के युवा समाजसेवी देवेंद्र झांझरी व मोना झांझरी के होनहार पुत्र लक्ष्य झांझरी ने अपनी कॉलेज नेशनल एकेडमी ऑफ इवेंट मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट में आयोज्य खेल टूर्नामेंट के अंतर्गत टेबल टेनिस सिंगल में स्वर्ण पदक जीतकर परिवारजनो को गौरान्वित कर दिया। लक्ष्य ने कामयाबी का श्रेय दादा शांतिलाल झांझरी सहित माता पिता व गुरुजनो को दिया है। लक्ष्य भविष्य में प्रांतीय स्तर पर टेबल टेनिस में भाग्य आजमाने के इच्छुक है। ऐतिहासिक कामयाबी पर मित्रगणो ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं दी।

### नई कार्यकारिणी ने शपथ ली

**कोटा, (निसं)।** कोटा की सक्रिय सामाजिक संस्था कोटा यूथ सोसाइटी की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने आगामी दो वर्षों (2025-2027) के लिए समाजसेवा की शपथ ली। समारोह में वरिष्ठ समाजसेवक जीतेंद्र शर्मा ने चुनाव अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रवीण जैन को अध्यक्ष, कपिल सागित्रा को सचिव, एवं ओम प्रकाश शर्मा को कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया। शपथ-ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में रीको के वरिष्ठ डी.जी.एम.महेन्द्र कुमार शर्मा, कृष्णा रोटरी ब्लड बैंक के निदेशक डॉ.सौरभ गुप्ता, एवं सीए सोनम जैन उपस्थित रहे। अतिथियों ने कोटा यूथ सोसाईटी की अब तक की गतिविधियों की सराहना करते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दीं। पूर्व कोषाध्यक्ष गगनदीप सिंह द्वारा पिछले दो वर्षों (2023-2025) की आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें संस्था की पारदर्शिता और वित्तीय अनुशासन का परिचय मिला। रिपोर्ट को सदस्यों ने संतोषपूर्वक स्वीकार किया। इस अवसर पर कोटा यूथ सोसाईटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे और नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। संस्था ने भविष्य में युवाओं को जोड़ते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और रक्तदान जैसे सामाजिक क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने का संकल्प लिया।

# स्कूलों में संस्कार युक्त प्रार्थना सभा को लेकर हुआ मंथन

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला रविवार को अजमेर के तोपदड़ा स्थित विवेकानंद शिक्षक कल्याण न्यास परिसर में आयोजित हुई। प्रदेश स्तरीय कार्यशला में स्कूलों में संस्कार युक्त प्रार्थना सभा को लेकर मंथन हुआ। कार्यशाला में प्रदेश के 35 जिलों से चयनित 45 संभागियों ने भाग लिया। इसमें विद्यालयों में होने वाली प्रार्थना सभा को अधिक प्रभावशाली, रोचक और संस्कारवान बनाने पर विशेष चर्चा की गई।

प्रदेशाध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा ने बताया कि रविवार को तोपदड़ा स्थित विवेकानंद शिक्षक कल्याण न्यास के परिसर में कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में राज्य सरकार द्वारा तय प्रार्थना सभा के आधे घंटे के समय को कैसे सार्थक बनाया जाए इसको लेकर मंथन हुआ। स्कूलों में होने वाली प्रार्थना सभा में सरस्वती वंदना, शांति पाठ, वंदे मातरम्, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तर, अखबार की समीक्षा, सूर्य नमस्कार, योग एवं प्राणायाम जैसी गतिविधियों को शामिल करने पर चर्चा हुई।

पुष्करणा ने बताया कि संगोष्ठी से निकले सुझावों को प्रदेश के सभी विद्यालयों तक पहुंचाया जाएगा ताकि बच्चों में नैतिकता, देशभक्ति और उत्तम नागरिकता का विकास किया जा सके।

कार्यशाला का उद्देश्य प्रार्थना सभा को केवल एक परंपरा नहीं बल्कि एक प्रेरणादायक और चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाना है। प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम, प्रदेशाध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा, महामंत्री महेंद्र लखारा, पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख, सम्पत सिंह, डॉ.अरुणा शर्मा, कैलाश कच्छावा, भंवर सिंह राठौड़, दिनेश कुमार शर्मा सहित अनेक शिक्षाविद् उपस्थित रहे।



शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला रविवार को अजमेर के तोपदड़ा स्थित विवेकानंद शिक्षक कल्याण न्यास परिसर में आयोजित हुई।

## साक्षात्कार का तृतीय चरण आज से

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 और सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2023 के अंतर्गत साक्षात्कार की तिथियां घोषित कर दी हैं। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार आरएएस परीक्षा के साक्षात्कार का तृतीय चरण 19 से 28 मई तक आयोजित किया जाएगा।

वहीं सहायक आचार्य के गृह विज्ञान विषय के पदों के लिए इंटरव्यू 19 से 4 जून के बीच होंगे। आयोग ने संबंधित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार पत्र अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं।

अभ्यर्थियों को इंटरव्यू लेटर केवल ऑनलाइन माध्यम से ही डाउनलोड करना होगा। आयोग द्वारा इसे डाक अथवा अन्य किसी ऑफ लाइन माध्यम से नहीं भेजा जाएगा।

इंटरव्यू में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन भरा गया विस्तृत आवेदन पत्र, अटेस्टेशन फार्म और सेवा प्राथमिकता क्रम की दो-दो प्रतियों के साथ सभी मूल दस्तावेज़ों की स्व-प्रमाणित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी।

## एलन डिक्सन बनी वैष्णवी

- ईसाई धर्म छोड़ अपनाया हिंदू धर्म

**अजमेर, (कासं)।** ईसाई धर्म की एलन डिक्सन अब वैष्णवी बन गई है। वैष्णवी ने हिंदू धर्म में विधिवत वापसी की है। रविवार को कृष्णगंज स्थित भगवान विष्णु मंदिर में हवन पूजन कर उन्होंने अपने मूल धर्म को स्वीकार किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंडित संतोष शर्मा ने पूरे विधि-विधान से धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया संपन्न करवाई। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान विश्व हिंदू परिषद की चित्तौड़ प्रांत उपाध्यक्ष स्नेहलता पंवार विशेष रूप से मौजूद रहीं।

हिंदू धर्म में वापसी करने वाली वैष्णवी (एलन डिक्सन) ने बताया कि उनकी मां ने ईसाई समाज के युवक से विवाह कर लिया था, जिसके चलते ईसाई धर्म अपना लिया था। वैष्णवी ने कहा कि उसके जन्म के बाद से ही पिता का कोई खास लगाव नहीं रहा।

वे अधिकांश समय अपने नाना-नानी के पास रही और यहीं पली बढ़ी, जब वह बालिग हुई तो महसूस हुआ कि उनका मन भटक रहा है। नाना-नानी की हिंदू धर्म में आस्था थी, जिससे बचपन से ही वे हिंदू धर्म के प्रति आकर्षित हुई जो अटूट होती चली गई, इसलिए हिंदू धर्म अपना लिया।

धार्मिक आयोजन के बाद वैष्णवी ने कहा कि वह अपने निर्णय से बेहद खुश हैं।

उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का सबसे सुकूनभरा दिन है। मैं अब वहीं हूं जहां मुझे हमेशा से होना था। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने वैष्णवी का स्वागत करते हुए इसे घर वापसी का बताया।

इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ प्रांत उपाध्यक्ष स्नेहलता पंवार सहित अन्य पदाधिकारियों ने वैष्णवी का माला पहनाकर अभिनंदन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## समाधी दिवस पर विंनयाजंलि सभा

**मदनगंज-किशनगढ़ ।** मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत व सकल दिगम्बर जैन समाज की और से जैन भवन में आर्यिका श्रुतमती व आर्यिका सुबोधमती माताजी के ससंघ सानिध्य में आचार्य कल्प श्रुत सागर का समाधी दिवस दिवस मनाया गया। प्रचार मंत्री गौरव पाटनी ने बता0जनो या कि प्रातः भगवान शांतिनाथ आदिनाथ व महावीर स्वामी के जल, नारियल पानी, शर्करा, घृत, केसर, पुष्प, सुगंधित जल से पंचामृत अभिषेक कर शांतिधारा की। तत्पश्चात विधानाचार्य मनीष गोधा फागी के निर्देशन में शांति विधान मंडल पर शांति विधान कर अर्घ समर्पित किये। दोपहर विंनयांजलि सभा में आचार्य शांति सागर, आचार्य धर्मसागर आचार्य कल्पश्रुत सागर व आचार्य वर्धमान सागर के चित्र के समक्ष दिलीप कासलीवाल, राजेश पांड्या व सुभाष बड़जात्या ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## खुशियां बांट कर ही होती है आत्मसंतुष्टि : गर्ग

- लायंस क्लब वेस्ट की चार्टर नाइट संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** जरूरतमंद को उसकी आवश्यकता की पूर्ति कर उसको जो खुशियां बांटेंगे, वही हमारे लिए आत्मसंतुष्टि है। पीड़ित मानव के लिए सेवा कार्य कर लायंस के ध्येय वाक्य को साकार करे।

उक्त उदगार प्रांतपाल (2025-26) लायन रामकिशोर गर्ग ने लायंस क्लब अजमेर वेस्ट का 44 वां स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में कहे।

डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि वैशालीनगर स्थित होटल जेन नेक्स्ट में आयोजित चार्टर नाइट कार्यक्रम में नवनिर्वाचित उपप्रांतपाल लायन सी पी विजयवर्गीय, कोटा, पूर्व प्रांतपाल लायन अनिल नाहर, उदयपुर ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रांतपाल लायन सतीश बंसल एवं लायन अनिल उदासीन ने किया। इस अवसर पर क्लब के चार्टर सदस्य पूर्व प्रांतपाल लायन ओ एल दवे, लायन राजेंद्र गुप्ता, लायन ओ पी केवलरमानी का माला एवं उपर्णा ओढ़ाकर अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने मेलविन जॉन्स की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ध्वज वंदना लायन सरिता निरंकारी ने पढ़ी। इस अवसर पर पांच नए सदस्यों को शपथ दिला कर क्लब में शामिल किया। इस अवसर पर कोटा से आए लायन प्रभा विजय, लायन शारदा गर्ग, लायन शैलेश बंसल, लायन अशोक नुवाल, लायन प्रमोद विजय, उदयपुर से आए लायन अरविंद रस्तोगी, लायन नितिन शुक्ला का भी माला पहना कर स्वागत किया।

## तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

**छबड़ा (निसं)।** स्थानीय भाजपा कार्यालय छबड़ा पर एक बैठक पूर्व जिला महामंत्री ब्रह्मानंद शर्मा एवं जिला उपाध्यक्ष श्रीकिशन मेहता के मुख्य आतिथ्य एवं नगर मण्डल अध्यक्ष भूपेन्द्र सुमन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शर्मा ने कहा कि 21 अप्रैल को आतंकियों द्वारा भारत के पहलगाम में निर्दोश पर्यटको को बेरहमी से मार डाला था, भारत ने इसका बदला ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से लिया जिसमें भारतीय सेना ने कई आतंकी ठिकानो को ध्वस्त किया गया और कई आतंकियों को मार गिराया। ब्रह्मानंद शर्मा एवं श्रीकिशन मेहता ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा पहलगाम हमले को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से बदला लेने के लिए शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर 21 मई 2025 को शाम 4 बजे बारां में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी, जिसमें प्रत्येक मण्डल से 300 भाजपा कार्यकर्ताओ का लक्ष्य निर्धारित किया है।

# संघ का कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम प्रारंभ

- 6 जून को सार्वजनिक कार्यक्रम व 7 जून को होगा समापन
- सेवा प्रदर्शनी (सेवा कोना) का हुआ उद्घाटन

**नागौर ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राजस्थान क्षेत्र कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम का शुभारंम्भ उद्घाटन सत्र के साथ हुआ। इसमें राजस्थान क्षेत्र की जयपुर,जोधपुर व चित्तौड़ प्रान्त के स्वयंसेवकों की सहभागिता है। 20 दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में 6 जून को सार्वजनिक कार्यक्रम होगा जबकि वर्ग का समापन 7 जून को होगा। शारदा बालिका निकेतन के सभागार में आयोजित उद्घाटन व संवाद सत्र में संघ के राजस्थान क्षेत्र सह कार्यवाह गेंदालाल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उन्होंने अपने बौद्धिक में कहा कि कार्यकर्ता के विकास के लिए शिक्षण, प्रशिक्षण, मन: स्थिति रुचि होने से ही योग्य कार्यकर्ता बन सकता है। वर्ग में सामूहिक जीवन व तपस्वी की भांति एक साथ जीवन जीने का अवसर प्राप्त होता है। वर्ग में हमको शताब्दी वर्ष को संकल्प वर्ष मानकर मेरे लिए जो संघ का दायित्व तय होगा उसको पूर्ण करने के लिए सिद्ध होना है। इस दृष्टि से हिंदुत्व का हमारे जीवन में प्रगटीकरण आचरण एवं व्यवहार में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज से 100 वर्ष पूर्व डॉक्टर हेडगेवार जी ने 15-16 मित्रों के साथ यह कार्य प्रारंभ किया लेकिन आज यह कार्य देश-विदेश में एक लाख से अधिक स्थानों पर कार्य चल रहा है। संघ के प्रारंभिक काल से लेकर आज तक इस पवित्र काम को 100 वें वर्ष में प्रवेश कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही हुआ है। संघ के वर्गों में पाठ्यक्रम व अवधि में समय-समय पर परिवर्तन होते रहें हैं लेकिन इन वर्गों का उद्देश्य संघ कार्य विस्तार व हिंदू समाज का संगठन करना है। संघ के इन वर्गों में विराट हिंदू दर्शन होते हैं। इस अवसर पर सेवा प्रदर्शनी (सेवा कोना ) का उद्घाटन हुआ। सर्वाधिकारी हनुमान सिंह देवड़ा, क्षेत्र सह कार्यवाह गेंदालाल ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर सेवा प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वर्ग पालक गंगाविष्णु, वर्ग कार्यवाह रमेश पारिक, सह प्रान्त प्रचारक राजेश उपस्थित रहे। इसमें सेवा को समर्पित महापुरुष के जीवन प्रसंग, सेवा द्वारा समाज परिवर्तन, सेवा गीत, सेवा अमृत वचन, सेवा सुभाषित, सेवा कार्य के चार्ट द्वारा सेवा कार्य की जानकारी एवं सेवा भाव जागरण के बारे में बताया गया है।

## युवतियों का सम्मान

**अजमेर ।** तारागढ़ पहाडी दुर्ग एवं पृथ्वीराज स्मारक मार्ग पर चन्द्रवरदाई नगर क्षेत्र की रहने वाली दो बैंगलोर की एमएनसी कंपनी में वर्क फ्राम होम से कार्यरत जागरुक युवतियों रिशा सिंह और दीक्षा गहरवार ने मार्ग के दोनों तरफ प्लास्टिक एवं अन्य गंदगी दिखने पर दोनों ने किसी अन्य से अपेक्षा नहीं करते हुए स्वप्रेरित होकर प्लास्टिक के साथ अन्य गंदगी को अलग-अलग कट्टो में भरकर मार्ग को स्वच्छ रखने के कार्य किया। स्वच्छता के प्रति युवतियों के जज्बे को देखते हुए हरिओम कॉलोनी विकास समिति और जनसेवा समिति के पदाधिकारियों ने उनका सम्मानित किया। संस्था के पदाधिकारी तरूण वर्मा और रमेश लालवानी ने बताया कि दोनों युवतियां स्वप्रेरित होकर अपने आप सफाई के कार्य की शुरूआत करके लोगों को प्रेरित किया है। अपने आस पास के क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त और स्वच्छ बनाए रखने की सीख दी है। वहीं दोनों युवतियों रिशा और दीक्षा ने कहा ाच

# तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

**सीकर, (निसं)।** भारतीय सैनिकों के अद्वितीय शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति के सम्मान में 20 मई को तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर रविवार को भाजपा जिला कार्यालय में महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जयपुर संभाग के समन्वयक विमल अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने की।

बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने कहा कि आज पूरा देश अपने वीर सैनिकों के साहस और पराक्रम को नमन कर रहा है, जिन्होंने महज चार दिनों में पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। यह तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक जन आंदोलन है। जिलाध्यक्ष बाटड ने जिलेवासियों से चाहे वे किसी भी पार्टी, विचारधारा या पंथ से जुडे हो से 20 मई को सर्वाधिक संख्या में यात्रा में शामिल होकर वीर जवानों को सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित करने का आव्हान किया। संभाग समन्वयक विमल अग्रवाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर तब तक जारी रहेगा जब तक आखिरी आतंकी का सफाया नहीं हो जाता।

## बी नेगेटिव एसडीपी उपलब्ध कराई

**कोटा, (निसं)।** टीम जीवनदाता द्वारा एसडीपी के लिए लोगों को मोटिवेट कर जरूरतमंद की मदद की जा रही है। बीती रात भी बी नेगेटिव एसडीपी के लिए अथक प्रयास किया तब कहीं जाकर एक जरूरतमंद को एसडीपी उपलब्ध हो सकी।

# अजमेर में 15 दिवसीय समाज सेवा शिविर का शुभारंभ

**अजमेर, (कासं)।** पी एम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाकोठी, गुलाबबाडी सत्र 2024-25 में कक्षा 11वीं उत्तीर्ण छात्राओं के लिए बोर्ड द्वारा आयोजित समाज सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

15 दिवसीय शिविर के शुभारभ पर शिविर प्रभारी साधना शर्मा ने छात्राओं को समाज सेवा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ समाज हित में भी अपना योगदान देना चाहिए ताकि छात्रों में निस्वार्थ भाव से सेवा एवं मानवीय मूल्यों का गुण विकसित हो सके।

सहयोगी व्याख्याता भारती धगैया ने छात्राओ के ग्रुप बनाकर विभिन्न गतिविधियां विद्यालय में आयोजित की, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधों को खाद व पानी और उनकी सुरक्षा के उपाय करवाये। व्याख्याता मधु यादव ने विद्या अध्ययन में किताबों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, उनको हमें किस तरह से व्यवस्थित रखना है, उसके बारे में भी विस्तार से बताया।

इस 15 दिवसीय शिविर में आगामी दिनों में समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रबुद्ध जन को बुलाकर उनकी विशेष वार्ताएं छात्राओं के समक्ष करवाते हुए उनके कौशल को बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।



समाज सेवा शिविर में छात्राएं पेड़ पौधों को खाद्य व पानी देते हुए।

## तिरंगा यात्रा का आयोजन 21 को

**झुंझुनूं, (निसं)।** पहलगाम की आतंकी घटना के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान से नियोजित आतंकवाद और उनके ठिकानों के खात्मे के लिए किए गए ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की अद्वितीय सफलता के उपलक्ष में झुंझुनूं में निकाली जाने वाली तिरंगा रैली को लेकर भाजपा प्रदेश के निर्देश पर भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की मुख्य वक्ता पूर्व सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा थे। तिरंगा रैली की तैयारी बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी ने की। बैठक में 21 मई को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय तिरंगा यात्रा को लेकर चर्चा हुई। बैठक में में भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत और प्रदेश प्रवक्ता एव पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने जिलेभर के जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों से वार्ता कर यात्रा की जिम्मेदारियां सौंपी। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय यात्रा के बाद प्रत्येक विधानसभा एव मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा को लेकर उन्होंने विधानसभावार प्रभारियों की नियुक्ति भी की। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने भारतीय सेना के सम्मान में 21 मई को तिरंगा रैली गांधी चौक से रवाना होकर शहीद स्मारक तक निकाली जाएगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने कहा कि हिंदुस्तान की सेना का डंका विश्व में कायम हुआ हैं। भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों को नष्ट करने का काम किया हैं। सेना का मनोबल बढ्ढाने के लिए उनकी शौर्यता का शौर्य गान को लेकर तिरंगा रैली का आयोजन किया जा रहा हैं। यात्रा 21 मई को सुबह आठ बजे गांधी चौक से रवाना होकर शहीद स्मारक तक निकाली जाएगी। जिसमे हजारों की संख्या में जिलेभर से संतजन, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, देशभक्त, प्रबुद्धजन, पूर्व सैनिक, एनजीओ के सदस्य, स्काउट गाइड एव खिलाड़ियों सहित आमजन भाग लेंगे। जिसकी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपी गई है। यात्रा में तिरंगे झंडों के साथ स्लोगन लिखी पट्टियां, सैनिकों के पराक्रम को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न संस्थाओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## सार-समाचार

### पर्यावरण संरक्षण की शिक्षा देने के लिए सीड बॉल का वितरित

**शाहपुरा ।** लिटिल बेबी नाम से प्रसिद्ध श्रेया कुमावत ने गर्मियों की छुट्टियों से पहले कई सरकारी स्कूल के सैकड़ों बच्चों को कई स्कूलों में जाकर सीड बॉल वितरण किया। और इस दौरान, उन्होंने बच्चों को क्लासरूम में सीड बॉल बनाकर भी बताया कि वे भी इस तरह सभी बच्चे छुट्टियों में अधिक से अधिक सीड बॉल बनाकर आने वाले वर्षा ऋतु में हरियाली कर सकते हैं। श्रेया कुमावत ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ''पेड़ हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद करते हैं और हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं।''इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें अपनी धरती माता को हरा -भरा बनाने के लिए प्रेरित करना था। श्रेया कुमावत की अनोखी पहल पर रा. उ. प्रा. वि. कालिंजरी गेट के प्रधानाचार्य जयदीप सिंह जी ने श्रेया कुमावत का स्वागत करते हुए कार्य की सराहना किया,इस दौरान शिक्षक बजरंग लाल आचार्य, लक्ष्मी कुमावत, ज्योति मुंदड़ा आदि ने बच्चों को छुट्टियों मे सीड बॉल बनाने के लिए कहा।इस तरह अन्य स्कूल रा. बा.उ. मा. वि. तहनाल गेट एवं रा. बा. प्रा. वि. कालिंजरी गेट स्कूल के स्टाफ एवं छात्रों ने भी श्रेया कुमावत का स्वागत किया और उनकी पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''हमें श्रेया दीदी की पहल पर गर्व है। यह एक अच्छी पहल है जो हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेगी।''इस तरह, श्रेया कुमावत की पहल ने न केवल बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया है, बल्कि उन्हें एक सकारात्मक कदम उठाने के लिए भी प्रेरित किया है।

### संस्कार शिविर का उद्धघाटन

**नागौर ।** लोढों की पोल स्थित सुशील धरम आराधना भवन में रविवार को जयमल जैन आध्यात्मिक ज्ञान-ध्यान संस्कार शिविर का उद्धघाटन हुआ। श्वेतांबर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ और जे.पी.पी. जैन महिला फाउंडेशन के तत्वावधान में प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक यह शिविर चलेगा। 1 जून को शिविर का समापन होगा। नगर परिषद सभापति मीतू बोथरा, संघ संरक्षक प्रकाशचंद बोहरा व किशोरचंद ललवानी, वरिष्ठ भामाशाह अमीचंद सुराणा ने ध्वजारोहण कर शिविर का उद्धघाटन किया। नवकार महामंत्र व जय जाप का अनुष्ठान हुआ। इसके बाद सभापति, संघ मंत्री हरकचंद ललवानी, विधि सलाहकार कमलचंद ललवानी, प्रवक्ता संजय पींचा, फाउंडेशन अध्यक्ष पुष्पा ललवानी, रीटा ललवानी सहित अन्यों ने शिविर की नोटबुक का विमोचन किया। सभी शिविरार्थियों को नोटबुक दी गई। सभापति मीतू बोथरा ने संबोधित किया। पुष्पा ललवानी ने शिविर के कार्यक्रमों की जानकारी दी। महिला फाउंडेशन ने ध्वज गीत का संगान किया। अतिथियों का जैन दुप्पट्टा से सम्मान हुआ। धर्म-ज्ञान के अनुरूप शिविरार्थियों को विभिन्न कक्षाओं में बांटा गया। धर्म-ध्यान के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी सिखाया। शिविरार्थियों को डॉ. पदमचंद्र महाराज द्वारा प्ररूपित जैन अणुप्पेहा ध्यान योग साधना करवाई गई।

### शिविर का शुभारंभ

**ब्यावर (निसं)** पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से सम्बद्ध पतंजलि योग समिति ब्यावर के तत्वावधान में गोकुलम गार्डन शाहपुरा मौहल्ला पर योग शिविर प्रारंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ बलवंत भाटी एवं जसमीत कौर ने भारत माता एवं ऊं के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करके किया। शिविर के प्रथम दिवस जिला संयोजक भारतेन्दु श्रीमाली ने यौगिक व्यायाम, मंत्रों के साथ सूर्य नमस्कार, आठ प्रकार के प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम एवं मधुमेह रोग में उपयोगी आसनों का अभ्यास करवाया। प्राणायाम के साथ आध्यात्मिक लाभ देते हुए नरेन्द्र सिंह ने भजन की शानदार प्रस्तुति दी । जिला समिति के महामंत्री सुरेन्द्र खण्डेलवाल ने बताया कि जो साधक योग शिक्षक के रूप में सेवाएं देना चाहते हैं उनके लिए 20 मई 2025 से सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर भी समिति के द्वारा लगाया जा रहा है जो प्रात:काल आफलाइन एवं सायंकाल आन-लाइन रहेगा।आज के शिविर में कोषाध्यक्ष अमरचंद मूंदड़ा, केलाश शर्मा, आनन्द कुमावत, अजीत शर्मा, सीमा शर्मा सहित लगभग 60-70 योग साधक उपस्थित रहे।

### अभिरूचि एवं कला कौशल शिविर शुरू

**ब्यावर (निसं)** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के मुख्य स्टेट कभीशश्नर - निरंजन कुमार आर्य के दिशानिर्देश शिक्षा विभाग की अनुशंसा पर पूरे प्रदेश में ठीष्म कालीन अवकाश के दौरान बालक ,बालिकाओं के व्यक्तित्व निर्माण में विकास के उद्देश्य से अभीरुचि वे कला कौशल शिविर शुरु किया गया है। सहायक स्टेट कमीश्नर विमल चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि-ठ्रुप कला कौशल प्रशिक्षण शिविर शहर के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा कॉलोनी ब्यावर में शुरू किया गया है। इसमें कब, बुलबुल ,स्काउट, गाइड , रोवर व रेंजर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। संस्था प्रधान मोहन सिंह चौहान ने बताया कि शिविर के प्रथम दिन लगभग 180 छात्र छात्राओं ने अपना पंजीयन करवाया इस शिविर में योगा, कराटे, नृत्य, मेहन्दी, ब्यूटीशियन, कुकिग, सहित विविध कौशल का प्रशिक्षित अध्यापक व अध्यापिकाओ द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें कुंदनमल वर्मा ,सुमित कुमार फोजदार, विष्णु गोयल, भगवान सिंह शारीरिक शिक्षक, शबाना मंसूरी, शिविर प्रभारी ताराचंद जागीड़ के नेतृत्व में शिविर का शुभारम्भ किया गया।

### कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज

**अजमेर (कासं)।** देश के संविधान की मजबूती बनी रहे, जिसके लिए कांग्रेस पार्टी संकल्पित है, देशभर में जिला स्तर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा संविधान बचाओ रैली निकाली जा रही है। शहर कांग्रेस प्रवक्ता अंकुर त्यागी ने बताया अखिल भारतीय कांग्रेस के आ ान पर और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में 'संविधान बचाओ रैली' अभियान के तहत 19 मई को प्रात: 10:30 बजे गांधी भवन पर धरना दिया जाएगा जिसमें अजमेर जिला कांग्रेस प्रभारी चेतन डूडी सहित पीसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे। इस रैली का उद्देश्य संविधान की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। केन्द्र सरकार मूल मुद्दों से देश का ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार द्वारा भारत के संविधान, लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामाजिक एवं आर्थिक न्याय के आदर्शों पर सुनियोजित हमले किए जा रहे है।


कारण बतलाने हेतु सूचना (सामान्य रूप)

( Notice to show cause ( general Form)

व्यवहार सिविल संहिता 1908 की प्रथम अनुसूचित के परिशिष्ट 'ज'(एपेडिक्स एच)का प्रपत्र सं.4

न्यायालय Rajasthan High Court, Jodhpur

श्री................ द्वारा अध्यासित(प्रिजाइडेड)

प्रार्थी/याची/आवेदक विरूद्ध अप्रार्थी/अयाची/प्रतिपक्षी

प्रकरण संख्या S.B.C.S.A. 36/2023

प्रकरण विषय, SHANKER LAL V/S DEVENDRA KUMAR

प्रेषित,

To,

R.1 DEVENDRA KUMAR S/O SHRI RAJESHWAR DAYAL BY CASTE MATHUR, R/O AJMER, PRESENTLY STATE BANK OF BIKANER AND JAIPUR BRANCH PHALNA, AJMER

अत: उपरोक्त Appellantने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि अत:आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि उक्त आवेदन के विरूद्ध कारण बतलाने हेतु दिनांक 1.7.25को समय 10.30 AM बजे आप व्यक्तिश:स्वयं अथवा यथावत अनुदेशिन (डयूली इन्स्ट्रक्टेड अधिप्रक्ता/ एडवोकेट/अभिवक्ता(प्लीटर)/अभिकर्ता(एजेन्ट) के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित हो। इसमें चूक(डीफोल्ट) करने पर उक्त आवेदन को एक पक्षीय सुना व निश्चय किया जायेगा।

यह आज दिनांक 16.5.25 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ दिया गया।

गोल मोहर

Admin Officer Judicial, Civil-I
( e-mail:civil-i-rhc@.hcraj.co.in
Rajasthan High Court
Jodhpur